**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.07.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी हैं, लेकिन सरकार को इसके प्रति और गंभीरता दिखानी होगी। राज्यपाल ने आज राजभवन शिमला में पत्रकारों से संवाद के दौरान कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी, तो उड़ता पंजाब की तर्ज पर हिमाचल को उड़ता हिमाचल बनने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि प्रदेश सरकार राज्य में एक भी नया नशा निवारण केंद्र नहीं खोल पाई है और वर्षों से अभी भी जगह की तलाश में है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर जल्द नशा निवारण केंद्र खोलने की मांग की है।

राज्यपाल ने प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए केंद्रीय मदद और पुनर्वास के मुद्दे पर कहा कि केंद्र के समक्ष प्रदेश की मांग उठाना मुख्यमंत्री की जिम्मेवारी है, न कि नेता प्रतिपक्ष की। राज्यपाल ने कहा कि जब मुख्यमंत्री केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने गए थे, तो जयराम ठाकुर को भी साथ लेकर जाते।

---

**दुर्घटना**

मंडी ज़िला के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तरांगला में आज सुबह राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस के खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 7 लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। मृतकों में 4 महिलाएं और 3 पुरूष शामिल हैं। दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान बलवीर, अंतरिक्ष, बर्फी देवी, गीता देवी, डोमा देवी, क्लासी देवी और सुमन के रूप में हुई है। बस में कुल 29 लोग सवार थे। ये बस जमणगलू से सरकाघाट जा रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डी.एस.पी सरकाघाट संजीव धीमान ने बताया कि एक यात्री ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बाकी लोगों की अस्पताल ले जाते हुए मौत हुई। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और सांसद सिकंदर कुमार ने इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

---

**आयकर दिवस**

देश भर में आज आयकर दिवस मनाया जा रहा है। यह भारत के वित्तीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिवस देश के कर प्रशासन में विकास और एक सुव्यवस्थित तथा

नागरिक–केंद्रित प्रणाली के निर्माण के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। पिछले वित्तीय वर्ष में नौ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। देश में आयकर की शुरुआत 1860 में सर जेम्स विल्सन ने की थी और आयकर अधिनियम 1922 की नींव रखी।

---

**विधिक सेवाएं**

वीर सैनिकों के परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर वीर परिवार सहायता योजना 2025 आरंभ करने जा रहा है। हमीरपुर ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव व ए.डी.एम. कुलदीप शर्मा ने कहा कि नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष 26 जुलाई को वीर परिवार सहायता योजना का शुभारंभ करेंगे। इसी कड़ी में हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम के मुख्यालय में स्थापित होने वाले विधिक सेवाएं क्लीनिक का भी शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं क्लीनिक में भूतपूर्व व सेवारत सैनिकों और उनके परिजनों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस क्लीनिक में प्राधिकरण के पैनल वकील और पैरा–लीगल वॉलंटियर कानूनी मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

---

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की रफतार धीमी पड़ गई है और अधिकांश क्षेत्रों में आज धूप खिली हुई है। मौसम साफ होने से लोगों ने राहत की सांस ली है और प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी आएगी। राज्य में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 44 सड़कें अवरूद्ध है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने जबकि 27 जुलाई से मॉनसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है।

---